# समाचार वाणी
## ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# ‘सितारे जमीन पर’ ने तोड़े 30 रिकॉर्ड, दूसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल!


Publisher — Published on 21 Jun 2025





## आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा की फिल्म ‘सितारे जमीन पर’ ने सिर्फ दो दिनों मे तोड़ दिए 30 रिकॉर्ड, दूसरे दिन की कमाई ने खुद का भी रिकॉर्ड तोड़ा।

**मुंबई :** बॉलीवुड के **मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान** एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर छा गए हैं। उनकी नई फिल्म ‘**सितारे जमीन पर**’ ने रिलीज़ के महज दो दिनों में ही **30 रिकॉर्ड** तोड़कर तहलका मचा दिया है। **आर. एस. प्रसन्ना** द्वारा निर्देशित यह फिल्म **सामाजिक संदेश** और **इमोशन** का गजब मिश्रण लेकर आई है।

बॉक्स ऑफिस पर ‘**सितारे जमीन पर**’ की ताबड़तोड़ कमाई

१. **पहले दिन की कमाई : ₹10.70 करोड़**

२. **दूसरे दिन की शाम 5:05 बजे तक की कमाई : ₹7.86 करोड़**

३. **अब तक का कुल कलेक्शन : ₹18.56 करोड़ (अनुमानित)**

नोट: ये आंकड़े सैक्निल्क की प्रारंभिक रिपोर्ट पर आधारित हैं, अंतिम आंकड़ों में थोड़ा बदलाव संभव है।

इन फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़े ‘सितारे जमीन पर’ ने

१. **पहले दिन पछाड़ीं ये 17 फिल्में:**

इमरजेंसी, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव, क्रेजी, बैडऐस रविकुमार, मेरे हसबैंड की बीवी, फतेह, लवयापा, चिड़िया, देवा, फुले, केसरी वीर, केसरी चैप्टर 2, भूल चूक माफ, जाट और अन्य।

२. **दूसरे दिन पार किया इन 12 फिल्मों का लाइफटाइम कलेक्शन :**

**लवयापा** – ₹6.85 करोड़
**इमरजेसी** – ₹18.35 करोड़
**सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव** – ₹5.32 करोड़
**क्रेजी** – ₹12.72 करोड़
**फतेह** – ₹13.35 करोड़
**बैडऐस रविकुमार** – ₹8.38 करोड़
**मेरे हसबैंड की बीवी** – ₹10.35 करोड़
**द भूतनी** – ₹9.57 करोड़
**चिड़िया** – ₹8 लाख
**फुले** – ₹6.85 करोड़
**केसरी वीर** – ₹1.53 करोड़
**कंपकंपी** – ₹1.5 करोड़

### फिल्म की थीम और प्रदर्शन

'**सितारे जमीन पर**' की कहानी डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चों के जीवन और उनके संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म समाज को एक गहरा संदेश देने की कोशिश करती है कि हर बच्चा खास होता है। **आमिर खान** और **जेनेलिया डिसूजा** ने फिल्म में भावनात्मक स्तर पर दर्शकों से जुड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

### फिल्म की टीम

**निर्देशक :** आर. एस. प्रसन्ना
**मुख्य कलाकार :** आमिर खान, जेनेलिया डिसूजा
**निर्माता :** आमिर खान प्रोडक्शंस
**विषय :** सामाजिक ड्रामा, इमोशनल, पारिवारिक
**रिलीज़ डेट :** 20 जून 2025

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.